श्याम तुम ही बताओ ना ये कैसा अपना नाता है भजन लिरिक्स

श्याम तुम ही बताओ ना,
ये कैसा अपना नाता है,
मेरे सुख में मेरे दु:ख में,
तू ही तो काम आता है,
श्याम तुम ही बताओं ना,
ये कैसा अपना नाता है।lbd।

तर्ज – श्याम से लौ लगाकर।

मेरे तुम माँ पिता गुरु हो,
जो चिंता करते हो मेरी,
मेरी हर सुख सुविधा में,
कभी ना होती है देरी,
क्यों लगता है मेरे सर पे,
क्यों लगता है मेरे सर पे,
तेरे आशीष का छाता है,
श्याम तुम ही बताओं ना,
ये कैसा अपना नाता है।lbd।

मेरे भगवान हो प्यारे,
ये दिल तुम्हे भजता क्यों बोलो,
तेरे चरणों में 'प्रीती' का,
ये सर झुकता है क्यों बोलो,
याद आती तेरी जब जब,
याद आती तेरी जब जब,
ये 'बल्लू' मुस्कुराता है,
श्याम तुम ही बताओं ना,
ये कैसा अपना नाता है।lbd।

श्याम तुम ही बताओ ना,
ये कैसा अपना नाता है,
मेरे सुख में मेरे दु:ख में,
तू ही तो काम आता है,
श्याम तुम ही बताओं ना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer – Priti Sargam

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com